बरेली, बुधवार
3 अप्रैल, 2024
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण
inext

PAGE NO. 06 : MIDDLE

सीईटी-ए को हराकर आईएमएस-ए चैंपियन

एसआरएमएस आमोद क्रिकेट कप का हुआ फाइनल

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (2 April): आइएमएस-ए ने सीईटी-ए को पांच विकेट से हरा कर एसआरएमएस आमोद क्रिकेट कप की ट्राफी अपने नाम कर ली. सीईटी-ए के स्कोर 97 को 17 ओवर में हासिल कर आइएमएस-ए की टीम आमोद क्रिकेट कप में चैंपियन बनी. चार विकेट लेकर सीईटी-ए की टीम को नियंत्रण में रखने वाले डा.फैज को मैन आफ द मैच चुना गया. टूर्नामेंट में 150 रन के साथ दो विकेट लेने वाले सीईटी-ए के उमंग मैन आफ द टूर्नामेंट रहे.

मेडल और ट्रॉफी के साथ विनर टीम के प्लेयर्स.

हुआ फाइनल मुकाबला

एसआरएमएस आमोद क्रिकेट कप 2024 के पांचवें दिन मंगलवार को श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग के क्रिकेट स्टेडियम में आइएमएस-ए और सीईटी-ए के बीच फाइनल मुकाबला हुआ. इसमें आइएमएस-ए के कप्तान डा.रेहान अली ने टास जीत कर सीईटी-ए को पहले खेलने के लिए आमंत्रित किया. डा.फैज ने पहले ही ओवर में सीईटी-ए के कप्तान विश्वजीत को अपनी ही गेंद पर कैच लेकर बड़ा झटका दिया. सीईटी-ए की पूरी टीम 18.1 ओवर में 97 रन बना कर पैवेलियन लौट गई. सीईटी-ए के लिए सबसे ज्यादा 18 रन अतिरिक्त के रूप में बने. जवाब में आइएमएस-ए की शुरुआत अच्छी नहीं रही. दूसरे ही ओवर में टीम के सात रन पर डा.सौरभ सिंह एलबीडब्ल्यू होकर लौटे. 14वें, 15वें और 16वें ओवर में सीईटी-ए के गेंदबाजों ने 1-1 विकेट निकाल कर मैच में फिर से वापसी करने की कोशिश की लेकिन तब तक आइएमएस-ए का स्कोर 88 पहुंच चुका था. 17वें ओवर में आईएमएस-ए ने विजयी लक्ष्य हासिल कर आमोद क्रिकेट कप अपने नाम किया. सीईटी-ए की टीम की रन गति पर अंकुश लगाने के साथ ही चार विकेट लेने वाले आईएमएस-ए के गेंदबाज डॉ.फैज को मैन आफ द मैच चुना गया.